कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 22.02.2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

नॉरकोटिक्स दुष्प्रभाव पर जागरूकता कार्यक्रम

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में ‘‘नॉरकोटिक्स दुष्प्रभाव पर जागरूकता’’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि छ.ग. ‘‘**NCORD**’’ की राज्य स्तरीय समन्वयक समिति के दिशा निर्देशन में यह सोसिंटाईजेशन प्रोग्राम किया गया जिसमें नॉरकोटिक्स के दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई। नारकोटिक्स जैसे गांजा, अफीम, चरस, भांग आदि पेड़-पौधों से प्राप्त किये जाते है और अपरिष्कृत एवं कच्चे होते है। यह मनोसक्रिय औषधि (साइकोएक्टिव पदार्थ है) जो सेवन के बाद नींद उत्पन्न करते है परन्तु नशे के रूप में प्रयोग करने पर अवसाद, चिड़चिड़ापन, शक्कीपन, वजन घटना, दौरे पड़ना और मृत्यु का कारण बन जाता है। यही प्रभाव शराब, सिगरेट एवं ड्रग्स का होता है।

डॉ. अल्का दुग्गल ने कहा कि नशे की लत बहुत तेजी से लगती है, समय के साथ इसके बिना रहना मुश्किल होने लगता है इससे छुटकारे के प्रयास इसके प्रति अधिक क्रेविंग उत्पन्न करता है।

डॉ. तोशिना तेलंग ने बताया कि किसी भी प्रकार की नशीली दवाओं की लत एक विकार बन जाता है जिसे ‘‘नारकोटिक्स अब्युज’’ कहते है जो कि मस्तिष्क एवं व्यवहार को प्रभावित करते है। कु. तबस्सुम अली के अनुसार सोचने समझने की क्षमता का कम होना, नींद में कमी, सामाजिक दूरी, अपराधिक गतिविधियाँ का कारण कई बार ड्रग्स होता है। कु. महक परवीन ने नशे से शारीरिक मानसिक अधिक एवं सामाजिक नुकसान बताये। नॉरकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो की भूमिका एवं उनके कार्यों की जानकारी कु. सबीना ने दी। छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन कु. शिल्पी शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन कु. मनीषा बंजारे ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

नॉरकोटिक्स दुष्प्रभाव पर जागरूकता कार्यक्रम